तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 मई 2024



लवागांव मेला में सजा था जुए का फड़, तीन आरोपी .... 10





लीची की बदौलत भीमा की बदली जिन्दगी 11






## खबर संक्षेप



### स्काउट गाइड ने खोला शीतल प्याऊ घर

**कांकेर।** भीषण गर्मी के मद्देनजर भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के दिशा निर्देश में स्काउट जिला संघ के द्वारा मुख्य रोड कन्या शाला के सामने में शीतल प्याऊ घर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एके पटेल के हाथों फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को की प्यास बुझाने के लिए यह पुनीत कार्य स्काउट गाइड के माध्यम से किया गया है। इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी वाजिद खान, दंतेश्वरी तिवारी, विवेक दास मानिकपुरी, राम भजन नेताम, जितेंद्र सलाम, हलाल राम आदि उपस्थित रहे।

## पुनर्वास नीति : समर्पित माओवादियों में दो महिला समेत एक पुरुष शामिल

# तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

हिंसा की राह छोड़कर लोकतंत्र और संविधान में विश्वास जताते मलांगेर एरिया कमेटी के तीन सक्रिय नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिसमें दो महिला व एक पुरूष नक्सली शामिल है। आत्मसमर्पित तीनों नक्सली, नक्सल बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत विगत कुछ माह में जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद किया जा रहा है। साथ ही शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव नक्सल कैडर में दिखाई दे रहा है और बड़ी संख्या में नक्सल कैडर का आत्मसमर्पण देखने को मिल रहा है। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प लेकर मलांगेर एरिया कमेटी में प्रतिबंधित संगठन के 3 नक्सली क्रमशः बुरगुम पंचायत केएएमएस सदस्य नंदे मड़काम पिता बक्का मड़काम उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी बुरगुम पेरमापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, गोण्डेरास पंचायत मिलिशिया सदस्य केशा गोंचे पिता दुल्ला गोंचे उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी गोडेंरास पटेलपारा एवं गोण्डेरास पंचायत सीएनएम सदस्य मल्ले मुचाकी पिता स्व. पोज्जा मुचाकी उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी गोंडेरास पेरमापारा थाना गादीरास जिला सुकमा ने 8 मई को पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेंट 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ नीरज यादव, कमाण्डेंट 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ अनिल कुमार प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये। उपरोक्त नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी, बस्तर फाईटर दन्तेवाड़ा, 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ यंग प्लाटून एवं 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ यंग प्लाटून का विशेष योगदान रहा।

■ शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का दिख रहा असर




### हिंसा छोड़ मुख्यधारा से जुड़े

*जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ सभी भटके हुए नक्सलियों से अपील करती है कि हिंसा की धारा छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए निकटतम थाना अथवा कैंप में सम्पर्क करें। क्षेत्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दें। पुलिस अधीक्षक द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराए जाएंगे।*

# भारतीय वन सेवा परीक्षा में गीदम की प्रीति का 63वा रैंक

## गीदम को किया गौरवान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा 2024 में गीदम की प्रीति यादव पिता बालमुकुंद यादव (23) ने ऑल इंडिया रैंकिंग ▶▶| शेष पेज 10 पर

### 23 की उम्र में बड़ी उपलब्धि पापा को माना आदर्श

प्रीति ने बताया कि वे अपना आदर्श अपने माता-पिता को मानती है। उनके पिता बालमुकुंद यादव (मंडी सब इंस्पेक्टर) एवं माता ने उनकी पढ़ाई में हरसंभव मदद की। बेटी की पढ़ाई के लिए आज तक घर भी नहीं बना पाए एवं किराए के मकान में रहकर अपनी बेटी के भविष्य के लिए लगे रहे। यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा 2024 में गीदम की प्रीति यादव के 63 रैंक लाकर आईएफएस बनने पर जिले के विधायक चैतराम अटामी एवं डीएफओ डॉक्टर जाधव सागर ने उन्हें एवं उनके परिवार को बधाई दिया है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


# ओडिशा के कुन्द्रा में सीएम साय ने ली सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा के नवरंगपुर लोकसभा के कुन्द्रा ब्लाक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को विशाल आमसभा का सम्बोधित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील की। इस दौरान बस्तर के पूर्व सांसद दिनेश कश्यप व चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने भी नवरंगपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बलभद्र मांझी के पक्ष में वोट देने की अपील की। कुन्द्रा की सभा में क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग सीएम साय को सुनने मौजूद थे। बस्तर से लगे पड़ोसी राज्य ओडिशा के कोटपाड़ विधानसभा में ग्राम पंचायत कुन्द्रा में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए आमसभा रखी गई थी। इसमें कोटपाड़ विधानसभा व नवरंगपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों को अपना वोट देने के ▶▶| शेष पेज 10 पर



### विकास के लिए प्रतिबद्ध

आमसभा में मौजूद पूर्व बस्तर सांसद दिनेश कश्यप व चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा कि अब परिवर्तन जरूरी है। बीजेपी की मोदी सरकार आपकी हर समस्या का समाधान करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है इसलिए अपना मत भाजपा को दें। गौरतलब है कि ओडिशा में चुनाव चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई एवं 1 जून को चार चरणों में चुनाव संपन्न होना है जिसके लिए भाजपा पूरा जोर लगा रही है।

# भाजपा 159 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण का मतदान पूरा होते राज्य के सभी 11 लोकसभा सीटों पर मतदान पूरा हो गया है। सभी 11 सीटों पर कांग्रेस की जीत की प्रबल संभावना है। कांग्रेस भाजपा से ज्यादा सीट जीत रही है। यह दावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपज बैज ने किया है। बुधवार को चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा जाने के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष पत्रकारों से चर्चा में यह बात कही। श्री बैज ने कहा छग की जनता बदलाव के लिए मतदान किया। जनता महंगाई, बेरोजगारी, वादाखिलाफी के विरोध में मतदान किया है। बुधवार को राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 400 पार का नारा लगाने वाली भाजपा 150 का आंकड़ा भी छू नहीं पाएगी। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के मतदान के बाद भाजपा हांपने लगी है और हताशा साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि ▶▶| शेष पेज 10 पर

### आरक्षण खत्म करने का एजेंडा बेनकाब

पीसीसी चीफ ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा का संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने का एजेंडा बेनकाब हुआ। जनता यह समझ गयी कि संविधान बदलने के लिये भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोग यह भी जान गये कि यह संविधान इसलिये बदलना चाह रहे कि बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिये जो प्रावधान संविधान में किया है, वह संविधान बदलकर समाप्त किया जा सके, लेकिन भाजपा की यह बदनीयती खुलकर जनता के सामने आ गयी।




**खबर संक्षेप**



## सेनजी महराज के बताए सद्मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**नगरी।** सेन समाज तहसील नगरी एवं बेलरगांव द्वारा महानदी के उद्गम स्थल कर्णेश्वर मंदिर परिसर ग्राम देउरपारा सिहावा में संत शिरोमणि सेन महराज की 724वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सुबह कर्णेश्वर मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की। सेन समाज के आराध्य श्री हरि विष्णु मंदिर में मंदिर पुरोहित श्री पुरी ने मंत्रोच्चार किया। इसके बाद सेनजी महराज की जीवनयात्रा एवं उनके द्वारा दिए गए उपदेश को समाज जनों के समक्ष रखा गया। उनके बताए गए सदमार्ग में समाज को संगठित होकर चलने पर विशेष बल दिया। एक दूसरे के दुख- सुख में शामिल होकर मानव जीवन को साकार करने की बात समाज प्रमुखों द्वारा कही गई। इस दिन नगरी एवं बेलरगांव अंतर्गत स्वजातीय बंधुओं द्वारा सेलून दुकानें, गांव गंवई कार्य एवं अन्य प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखे गए। कार्यक्रम में सेन समाज के तहसील अध्यक्ष प्रकाश सेन, सचिव देवेन्द्र सेन, सहसचिव भुनेश्वर सेन, कोषाध्यक्ष मनीष सेन, उपाध्यक्ष भगवान सेन, यक्कू सेन, संतराम सेन, संरक्षक हेमलाल सेन, उमेंद्र सेन, भरतलाल सेन, प्रतापसिंह सुरेशा, सलाहकार बनवाली राम सेन, तकेश सेन, देवानंद सेन, मोहन सुरेशा, ललित श्रीवास, कमल सेन, योगेश सेन, पप्पू सेन, हृदय सेन, हीरा सेन सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित थे।

## सेंट मेरी स्कूल में समर क्लासेस जारी

**धमतरी।** सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकों द्वारा समर क्लासेस का आयोजन 30 मई तक किया गया है। इस समर क्लासेस में कोई भी छात्र भाग ले सकता है। छात्रों को संगीत, नृत्य फाईन आर्ट, खेल व पढ़ाई आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कक्षा सुबह सात से 10 बजे तक लग रही है। प्रशिक्षक इंदिरा गांधी कला संगीत विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित है। गीत संगीत के लिए जसप्रीत एवं गोपी मिश्रा, फाइन आर्ट आर्ट के लिए गरिमा गुप्ता, नृत्य के लिए मनप्रीत एवं विनोद, खेल के लिए टिकेश्वर एवं युगल तथा गणित विषय के लिए सूर्यकांत सिन्हा प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर की जमीन पर हो रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

संभाग मुख्यालय शहर के कुम्हारपारा एनएमडीसी चौक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर लोग धड़ल्ले से अवैध कब्जा कर छोटी-छोटी झोपड़ियां और मकान बना रहे हैं। अभी भी सैकड़ों लोग राजस्व अफसरों के संरक्षण में अवैध कब्जा करने की कोशिश में लगे हुए हैं। सड़क के दोनों ओर तेजी से अवैध निर्माण देखे जा सकते हैं, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी अवैध कब्जा धारकों से स्वार्थपूर्ति कर आंखें बंद किए बैठे हैं। अवैध कब्जा करने वाले अधिकांश ओडिशा से आए लोग हैं। एनएमडीसी चौक से रायपुर जाने वाले मार्ग पर तेजी से लोग सड़क किनारे अवैध कब्जा कर रहे हैं। पिछले एक साल के अंदर एक दर्जन से अधिक लोगों ने झोपड़ी बनाने के साथ ही दुकान और मकान बना लिये हैं। संबधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के मध्य रेखा से 75 फुट अंतराल छोड़ना आवश्यक होता है। यह दूरी छोड़ने के पश्चात ही कोई खुला निर्माण या बाउंड्री आदि निर्माण कार्य कर सकता है, लेकिन किसी का ध्यान नहीं। आनंद ढाबा से लेकर गोरिया बहार नाला तक 100 से अधिक लोगों ने रस्सी बांध कर कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दी है।

■ दूसरे राज्यों से आए लोगों की संख्या ज्यादा

### सरकारी और निजी भूमि पर 100 से अधिक लोग कर रहे कब्जा

**शीघ्र होगी कार्रवाई**

कलेक्टर विजय दयानंद. के. ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा एनएच किनारे अतिक्रमण के प्रयास की सूचना मिली है। अविलंब कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।



**हटाये जा रहे**

तहसीलदार अंकुर रात्रे ने बताया कि अतिक्रमण की कोशिश की सूचना के बाद हम मौके पर गए थे। हमने लोगों को एनएच की जमीन से हटाया, बाकी जमीनों पर जब भू-स्वामी शिकायत लेकर आएंगे तब कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई : ओडिशा व कोंडागांव से आकर खिड़खिड़ी से खिला रहे थे जुआ**

# लवागांव मेले में सजा था जुआ फड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भानपुरी थाना क्षेत्र के लवागांव मेला में खिड़खिड़ी जुआ खिला रहे तीन आरोपियों को भानपुरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 हजार रुपए नकद के अलावा जुआ खिलाने का सामान बरामद किया गया है।

भानपुरी टीआई राकेश राठौर ने बताया कि थाना क्षेत्र में दो अलग प्रकरण में तीन आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मेला स्थल में जुआ खिलाने की सूचना मिलने के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग व एसडीओपी भानपुरी घनश्याम कामडे के मार्गदर्शन में जुआ, सट्टा, खिड़खिड़ी खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत थाना प्रभारी के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा लवागांव मेला स्थल में रेड की कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पहले मामले में आरोपी मिट्ठूराम बघेल 40 वर्ष निवासी ओंडारगांव थाना माकड़ी जिला कोंडागांव तथा दूसरे प्रकरण में कोमल पानका 43 वर्ष निवासी कारागांव थाना दाबगांव जिला नवरंगपुर व सालीमधर 45 वर्ष निवासी बेसपदर थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर ओडिशा को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से रेगजिन में छपा हुआ झंडा, मुंडा, पान, ईट, चिड़ी व हुकूम तथा प्लास्टिक का 12 नग गोटा, बांस का टोकना व नगद 10 हजार 120 रुपए जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 3 (2 ) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

■ आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा, जुआ एक्ट के तहत हुई कार्रवाई



**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

कार्रवाई में निरीक्षक राकेश राठौर के अलावा प्रधान आरक्षक राधेलाल कोर्राम, मयाराम कश्यप, सुंदर बघेल, आरक्षक रमेश मरकाम, सरोज सेठिया, गणेश कश्यप, प्रेमुलाल वर्मा, अशोक खाखा, छबीलाल सोम व रघु कोर्राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वनवे मार्गों का एसपी ने किया निरीक्षण, लोगों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिला प्रशासन की पहल व व्यापारियों की सहमति व असहमति के बीच एसबीआई चौक से चांदनी चौक मार्ग को वन-वे करने एक सप्ताह का ट्रायल गुरुवार को समाप्त हो रहा है। अब इन मार्गों को वन वे रखना है या नहीं रखना है, इसका निर्णय जिला प्रशासन द्वारा लिया जाएगा। मंगलवार शाम को दोनों वन वे मार्गों का एसपी शलभ सिन्हा ने निरीक्षण किया और आम लोगों से चर्चा की। एसपी ने लोगों से पूछा कि वनवे होना चाहिए या नहीं। इससे क्या फायदा और नुकसान है जिस पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। गौरतलब है कि वाहनों का दबाव कम करने के लिए पांच दिन पूर्व इन मार्गों को वन वे किया गया था और कलेक्टर विजय दयाराम के ने कहा था कि व्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था के साथ नागरिकों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इधर वन वे होने के बाद सबसे अधिक अव्यवस्था चांदनी चौक स्थित शराब दुकान के सामने देखी गई। इसके अलावा इन दोनों वनवे मार्गों में पांच गली मार्ग है जहां से वाहनों का आना जाना लगातार जारी है जिसके चलते एसबीआई चौक से चांदनी चौक पहुंचने वाले वाहन चालक चौक से मुड़ने की बजाए इन गली मार्गों का उपयोग अधिक करते देखे गए।

■ सप्ताह भर का ट्रायल हुआ समाप्त, अब जिला प्रशासन लेगा निर्णय

## रेडक्रॉस दिवस पर अस्पताल में शिविर, 12 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर 8 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में क्षेत्र के युवक और युवतियों ने हिस्सा लिया। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के कुल 12 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देने के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा जूस और फल भी दिया गया। इस दौरान फरसगाँव बीएमओ जोयतिर्मयी प्रभावती,ब्लड बैंक की टीम सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।






## सड़क के चौड़ीकरण व परिसर में सीसी सड़क की नहीं मिली स्वीकृति





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग से कोपागुड़ा स्थित कृषि उपज मंडी परिसर की ओर जाने वाले लगभग डेढ़ किमी मार्ग के संकरे होने से व्यापारियों को परेशानियां हो रही हैं। यह मार्ग संकरा होने के साथ ही ओवरलोड वाहनों के लायक नहीं है। इनमें उपज लदी ट्रकें दौड़ने से सड़क जर्जर हो रही। साथ ही सुविधा के लिए सड़क चौड़ीकरण एवं परिसर में सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए मंडी मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया था, जो स्वीकृति नहीं मिला। संभागीय मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर ओड़िशा की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग से डेढ़ किमी दूर पर कोपागुड़ा ग्राम स्थित कृषि उपज मंडी का नया परिसर निर्माण किया गया है। बताया गया है कि व्यापारी मांग की कि एनएच से कोपागुड़ा कृषि उपज मंडी तक जाने वाली लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी डामर की सड़क का चौड़ीकरण एवं मंडी परिसर में सीसी सड़क निर्माण करें। साथ ही एनएच से मंडी जाने वाले सड़क बोर्ड नहीं होने से ट्रक चालक भटक रहे हैं।

■ चौड़ीकरण व मंडी परिसर में सीसी सड़क निर्माण का मुख्यालय को भेजा जा रहा प्रस्ताव

**स्वीकृत के बाद होगा चौड़ीकरण**

मंडी बोर्ड के निर्माण शाखा के कार्यपालन अभियंता आईए खैरानी ने इस संबंध में बताया कि मंडी परिसर जाने वाली संकरी सड़क का चौड़ीकरण एवं मंडी परिसर में सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसका प्रस्ताव मुख्यालय से स्वीकृत होने के बाद निविदा कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## पडेडा में घर से 2 लाख का सागौन चिरान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

गंगालूर वन परिक्षेत्र के पडेडा में मंगलवार को एक मकान में जमीन के अंदर गाड़ कर रखे सागौन चिरान को वन विभाग की टीम ने दबिश देकर बरामद किया है। जिसका बाजार मूल्य दो लाख से अधिक बताया जा रहा है। वन विभाग ने इमारती लकड़ियों को जब्त कर मामला पंजीबद्ध किया है। बताया जा रहा है,कि पडेडा निवासी तुलसी दुर्गम पति स्व. बालैया दुर्गम पुत्र कैलाश दुर्गम के घर में सागौन फारा 149 नग 1.820 घ.मी., 59 नग चौखट कड़ी 0.810 घ.मी., बगली 41 नग 0.227 घ.मी. एवं लट्टा 6 नग 0.191 घ.मी., सागौन कुल 255 नग 3.048 घ.मी. जिसका बाजार मूल्य 2,00008 रुपए है। उक्त इमारती लकड़ियों को घर के अंदर जमीन में गाड़कर रखा गया था। जिसे मुखबीर के सूचना पर जप्त कर पीओपी प्रकरण तैयार कर पंजीबद्ध किया गया। वहीं जप्त सागौन के चिरान को बीजापुर डिपो में परिवहन कराया गया।

■ मकान के अंदर जमीन में गाड़ कर रखी थी इमारती लकड़ियां



**मामला किया पंजीबद्ध**

वन परिक्षेत्र अधिकारी गंगालूर भुजबल सिंह ठाकुर ने बताया, कि वन मंडलाधिकारी और उप वनमंडलाधिकारी के निर्देशानुसार 7 मई को सर्च वारन्ट के तहत पडेडा निवासी तुलसी दुर्गम के मकान के अंदर गाड़कर रखे दो लाख से अधिक मूल्य के सागौन लकड़ियों को बरामद किया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि जब्त इमारती लकड़ियों को पीओपी प्रकरण तैयार कर मामला पंजीबद्ध किया गया है।

**प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने बच्चों के लिए लक्की स्टार्स समर कैंप शुरू**

# किसी भी कार्य की सफलता के लिए एकाग्रता जरूरी : भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा ग्रीष्मावकाश में बच्चों के लिए पांच दिवसीय लक्की स्टार्स समर कैंप का शुभारंभ किया गया। समर कैंप के प्रथम दिवस नगरी अंचल के लगभग 85 बच्चों ने शिरकत की। समर कैंप का प्रथम दिवस मैजिक आफ मेडिटेशन एवं टेलिंग स्टोरी थीम पर आधारित रहा।

लक्की स्टार्स समर कैंप का सत्र प्रातः 9 बजे शुरू हुआ। सर्वप्रथम पीतांबर ने टेलिंग स्टोरी पर चर्चा करके मन की एकाग्रता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। बच्चों ने शिक्षाप्रद कहानियां प्रस्तुत की। कुछ बच्चों ने मोटिवेशनल पोयम भी सुनाया। इसके बाद राजयोगिनी बीके भावना बहन ने कहा कि समर कैंप एक ऐसा आयोजन है जिसमें हम कोशिश करते हैं कि बच्चों में नैतिक, शारीरिक, मानसिक गुण विकसित कर सके। कला, खेल, कहानी, मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक बदलाव ला सके जो कि उनके जीवन में सही दिशा प्रदान करें तथा व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हो। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में बौद्धिक व नैतिक मूल्यों का विकास करना है। इसके लिए मेडिटेशन की नितांत आवश्यकता है। बीके भावना बहन ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए एकाग्रता बेहद जरूरी है जो मेडिटेशन से ही प्राप्त होती है। बच्चों को मेडिटेशन का अभ्यास कराया। बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निशा ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की ताली एवं मनोरंजक डांस कराया। समर कैंप 10 मई तक आयोजित रहेगा।



## पेज 9 के शेष

### भारतीय वन सेवा ...

में 63 वां रैंक प्राप्त किया है। साथ ही प्रीति का आईएफएस ऑफिसर बनने का सपना भी साकार हो गया है। दंतेवाड़ा के व्यापारिक नगरी कहे जाने वाला गीदम नगर अब शिक्षा के क्षेत्र मे भी नए-नए कीर्तिमान रच रहा है। अभी कुछ वर्ष पहले ही गीदम की नम्रता जैन ने आईएएस बन नगर को गौरवान्वित किया था। वहीं आज प्रीति के आईएफएस ऑफिसर बनने से पूरे नगर में खुशी का माहौल है। वही प्रीति और उनके परिवार को बधाई देने का दौर भी जोरों से जारी है।

### ओडिशा के कुन्द्रा ...

लिए अपील की गई। सीएम ने कहा कि ढाई दशक से बीजेडी सरकार ओडिशा में काबिज है। लेकिन लोगों की मुश्किलें कम नहीं कर पाई। भाजपा की सरकार बनने से आपकी हर समस्या का समाधान होगा।

### भाजपा 159 का ....

छत्तीसगढ़ की जनता ने भीषण गर्मी की परवाह किए बिना अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य को मतदान करके निभाया। यह छत्तीसगढ़ के मतदाताओं की अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरुकता को दिखाता है। केंद्र की मोदी सरकार के साथ 5 माह की साय सरकार के खिलाफ भी जनता ने मतदान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट में भाजपा से अधिक सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने बदलाव के लिये मतदान किया है। जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, वादाखिलाफी के विरोध मतदान किया। तीसरे चरण में 7 मई को प्रदेश के 7 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के पक्ष में रूझान साफ दिख रहा था। लोग मोदी सरकार की विदाई के लिये भीषण गर्मी में अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों तक आये और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। पहले दो चरणों से ही साफ हो गया था कि प्रदेश की जनता में मोदी सरकार के लिये आक्रोश है। तीसरे और अंतिम चरण में मतदाताओं के रूख ने पुख्ता कर दिया कि राज्य की जनता मोदी सरकार के 10 साल के कुशासन और वादाखिलाफी से परेशान है। जनता ने अपने मतदान की शक्ति से देश के हालात को बदलने का मन बना लिया था और मतदान केंद्र पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ वोट किया। प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य,शकील खान, कविता साहू,महिला जिलाध्यक्ष व अन्य सम्मलित थी।

## खबर संक्षेप

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील तोकापाल ग्राम रायकोट निवासी बुटकी सोढ़ी की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र मुन्ना सोढ़ी और तहसील भानपुरी ग्राम गुमगा निवासी बुदरी बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से पति फूलचंद बघेल प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### 16 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**जगदलपुर।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 16 मई से शहर के विभिन्न खेल मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। उक्त 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रति वर्ष ग्रीष्म अवकाश पर किया जाता है। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य अवकाश के समय बालक-बालिकाओं को अधिक से अधिक खेल मैदान की ओर आकर्षित कर उनमें खेल के प्रति रुचि जागृत करना है। शिविर के दौरान खिलाड़ियों को स्थानीय खेल संघों के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें आगंतुक खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र पंडरीपानी एवं चोंडीमेटावाड़ा में, वालीबाल मारडूम, प्रियदर्शनी स्टेडियम एवं माड़पाल, बास्केटबाल, हेण्डबाल, फुटबाल, बेडमिंटन, जूडो-कराते प्रियदर्शनी स्टेडियम में, फुटबाल सिटी ग्राउंड, डिमरापाल एवं लालबाग ग्राउंड, कबड्डी आदि खेललोहण्डीगुड़ा में आयोजित किया जाएगा।

## निधन

### शांति शुक्ला



**जगदलपुर।** शहर के प्रतापगंज वार्ड निवासी श्रीमती शांति शुक्ला (84) का बुधवार सुबह लगभग साढ़े 7 बजे निवास में निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र मनीष शुक्ला (राजू) व दो पुत्री की माताजी व शैलेन्द्र सत्येन्द्र अनुराग शुक्ल की चाची थी। गुरूवार को प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## सीजन में कृषक को हो रही है 8 से 10 हजार की प्रतिदिन आमदनी

# लीची की बदौलत भीमा की बदली जिन्दगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





अपने आकर्षक रंगत और विशिष्ट स्वाद के बलबूते लीची के फल सदैव पसंद किये जाते रहे है। वैसे तो लीची एक उष्णकटिबंधीय सदाबहार फल है। इसमें काबोर्हाइड्रेट एवं कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा फास्फोरस, खनिज पदार्थ, प्रोटीन, विटामिन-सी आदि भी पाये जाते हैं। इन्हीं गुणों के कारण लीची के फल भारत ही नहीं बल्कि विश्व में अपना विशिष्ट स्थान बनाए हुए हैं।

इस क्रम में बदलते समय के साथ जिले के कुछ उन्नतशील कृषकों का रुझान परंपरागत फसलों के अलावा बागवानी फसलों की ओर भी हो रहा है और वे आधुनिक कृषि तकनीक के साथ अन्य बागवानी फसल से जुड़ रहे है। इनमें एक नाम मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर स्थित ग्राम पोरो कमेली निवासी 37 वर्षीय भीमा तेलाम का भी है। जिनके लगभग 2 एकड़ के भूमि में चटख फलों से लदे हुए लीची के पेड़ आने जाने वालों के लिए सहज ही आकर्षण का केंद्र है, और इस सीजन में भीमा के लिए अतिरिक्त आमदनी का जरिया बन चुके है। इस संबंध में भीमा बताते है कि लीची एक मीठा स्वादिष्ट फल है, जिसका छिलका लाल रंग का होता है। जिसके अंदर सफेद रंग का गुदा होता है जो बहुत ही मीठा होता है। उन्होंने आगे बताया कि 15 वर्ष पहले 10-12 लीची के पौधे बाहर से लाए थे और प्रायोगिक तौर पर अपनी भूमि में लगाकर भली-भांति देखरेख किया। फलस्वरूप 7 वर्ष के पश्चात लीची के पेड़ में फल आना प्रारंभ हुआ, जिसे उन्होंने स्थानीय बाजारों में विक्रय करना शुरू किया और उन्हें शुरूआत में मई-जून के दो महीने में ही 60 से 80 हजार रुपए से ज्यादा की कमाई हुई और अब तो स्थिति यह है कि वे रोज सुबह अपनी धर्मपत्नी के साथ लीची को लेकर बचेली मुख्यालय मार्केट (बाजार) पर जाकर स्वयं 200 रुपए किलो पर विक्रय कर रहे है। जिससे उन्हें प्रतिदिन 7 से 10 हजार रुपए की आमदनी हो रही है और पिछले दो माह में लगभग 1 लाख की आमदनी हो चुकी है।

उनका यह भी कहना है कि लीची के अधिक पेड़ों के मालिक किसान तो सीजन में 5 से 8 लाख तक भी कमा लेते हैं। लीची के फलों के बदौलत अपनी आर्थिक स्थिति में सुखद बदलाव के विषय में वह प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहते है कि वे परम्परागत कृषि तो करते ही है। लेकिन बड़ा बदलाव तो बागवानी कृषि से आया, इसके चलते अब तो उसने अपनी भूमि में उन्नत नस्ल के आम और अमरूद जैसे फलदार पेड़ों को भी लगाया है। इस प्रकार उन्हें अब कृषि के गैर मौसमी दिनों में रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ता। बागवानी कृषि का पुरजोर समर्थन करते हुए उनका मानना है कि समय की यही मांग है कि अधिक से अधिक कृषक गैर परम्परागत खेती में भी संभावनाएं तलाशें। क्योंकि कई वैकल्पिक कृषि क्षेत्र है जो अतिरिक्त आमदनी के स्रोत बन सकते है। जिस प्रकार भीमा तेलाम ने अपनी दूरदर्शिता से बागवानी कृषि में रूचि लेकर अपनी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को नया मुकाम दिया है। इसे देखते हुए वह अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## रिमझिम बारिश ने दी भीषण गर्मी से राहत, मौसम हुआ सुहावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दक्षिण बस्तर अंचल में हुई रिमझिम बारिश से तेज गर्मी से झुलसते लोगों को काफी राहत मिली है। सोमवार रात से ही मौसम में बदलाव दिखा और मंगलवार सुबह जमकर बारिश हुई। इसके चलते मौसम में काफी ठण्डक रही। बारिश दिन भर होती रही। गीदम नगर के साथ ही जिले के अन्य शहरों में भी मौसम का यही नजारा रहा। दक्षिण बस्तर अंचल में पिछले हफ्ते भर से भीषण गर्मी पड़ रही थी। पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। बारिश के बाद मौसम सुहावना हुआ और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले एक-दो दिनों तक मौसम में नमी बनी रहेगी।

### बारिश ने बरपाया कहर

मौसम में अचानक आए बदलाव की वजह से लोगों को एक ओर जहां भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं दूसरी ओर बारिश ने जमकर कहर भी बरपाया है। नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में बिजली के खंभे गिर जाने से विद्युत व्यवस्था ठप हो गई है। इसके अलावा किसानों की फसल को भी बारिश की वजह से नुकसान पहुंचा है। तेंदूपत्ता फड़ों में कई जगह तेज आंधी की वजह से तेंदूपत्ता फड़ से उड़ गए हैं। वहीं बारिश की वजह से भीगे हुए तेंदूपत्ता को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक | पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने अधिकारियों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने समय-सीमा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति सम्बन्धित जानकारी तत्काल प्रदाय करने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान अनुकम्पा नियुक्त लाभार्थियों के लिए यदि नौकरी नहीं करना चाहते हो तो, एक मुश्त राशि 15 लाख रुपए प्राप्त कर सकते हैं।

यह केवल तृतीय और चतुर्थ वर्ग के अनुकम्पा नियुक्त लाभार्थी के लिए लागू है कि जानकारी पाण्डेय ने साझा किया। वहीं जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने, सोलर ड्यूल पम्पों तथा हैण्डपम्पों का समुचित संधारण करने सहित जल प्रदाय योजनाओं का सुचारू संचालन करने एवं जरूरत के अनुरूप सोलर ड्यूल पम्पों, हैण्डपम्पों का सुधार करने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग को समर कैम्प से संबंधित जानकारी पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रायः निरीक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र में अनुपस्थित रहते हैं। आगामी निरीक्षण में अनुपस्थित पाये जाने पर डीपीओ पर कार्यवाई की जाएगी तथा आंगनबाड़ी, स्कूल में खाना बनाने वाले रसाईयों का आईडी कार्ड बनाने तथा साफ सुथरा कपड़ा पहनने, नाखुन सहित साफ-सुथरा रखने कहा गया। वहीं खाद्य बीज से संबंधित अधिकारी द्वारा दुकानों में निर्धारित दर से अधिक दर पर बेचते पाये जाने पर छापा मार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ रामाकृष्णा वाय, उप निर्देशक इन्द्रावती संदीप बल्गा, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास केएस मसराम, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, विकास सर्वे, दिलीप उईके, उत्तम सिंह पंचारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीआर पुजारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बालवाड़ी में पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बालवाड़ी से संलग्न आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 6 से 8 मई तक हुआ। इस प्रशिक्षण में एलिमेंट्री एजुकेशन को बेहतर बनाने हेतु विशेष पहल किया जा रहा है। जिससे बच्चे जब कक्षा एक में प्रवेश करेंगे, तो कक्षा एक के अध्यापन वाले विषय वस्तु का पूर्व मौखिक ज्ञान लेकर बच्चे कक्षा एक

- **एलिमेंट्री एजुकेशन को बेहतर बनाने विशेष पहल**

में प्रवेशित होंगे। इस प्रक्रिया से प्रायमरी एजुकेशन में बच्चे बेहतर ढंग से अध्ययन करने में सक्षम होंगे तथा शिक्षक भी विशेष नवाचारी ढंग से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा विशेष पहल करते हुए संयुक्त रूप से यह प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुए खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय था। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बस्तर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, बीईओ के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को दिया गया। प्रशिक्षण में ईसीसीई का परिचय, बच्चों की अवधारणा, अधिगम शैली एवं विविधता, विकास के आयाम, बच्चों के विकासात्मक आवश्यकता एवं इन्हें कक्षा में कैसे संबोधित किया जाए, स्कूल रेडीनेस का परिचय, पालकों की सहभागिता, प्रारंभिक वर्षों के लिए शिक्षण पद्धति एवं खेल आधारित शिक्षण शास्त्र, अनुकूल शिक्षक परिवेश तथा आंगनबाड़ी एवं बालवाड़ी का प्रवेश एडल्ट एवं लर्निंग प्रिंसिपल थीम आधारित पाठ्यक्रम का परिचय, दैनिक शिक्षण योजना और गतिविधि, पुस्तकों की संरचना, प्रारंभिक भाषा विकास में उपयोग में ले जाने वाले विभिन्न तत्वों की जानकारी, कहानी सुनाने की गतिविधि, भाषा एवं गणित की रणनीतियों पर प्रतिभागियों से बातचीत, संज्ञानात्मक विकास एवं उससे जुड़ी गतिविधियों पर चर्चा, बालवाड़ी एवं आंगनबाड़ी में किए जाने वाले आगामी कार्य योजना पर समीक्षा आदि विषयों पर विशेष चर्चा कर प्रशिक्षण को प्रभावशील बनाया गया। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स पीयूष एवं दुर्गेश्वरी पटेल रहे। प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए संकुल समन्वयक सनत नेताम कालिंद ठाकुर, रमाकांत साहू, ललित, जय लाल मौर्य, पुरषोत्तम बेस, कमलेश कश्यप आदि का सक्रिय योगदान था। इस प्रशिक्षण की सतत मॉनिटरिंग डायट प्राचार्य नितिन डडसेना, डॉक्टर स्टेनली जॉन एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्रा ने की। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण की सार्थकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

## वन मंत्री नगद भुगतान की बात पहले ही कर चुके हैं : मुदलियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



विधायक विक्रम मंडावी और कांग्रेस पार्टी सस्ती लोकप्रियता के फेर में ऐसी मांगे कर रहे हैं, जो मांगे पूर्व में ही स्पष्ट किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ शासन में वन मंत्री केदार कश्यप ने 16 अप्रैल को ही तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान की बात कह दिए हैं। बावजूद अब इसी मांग को लेकर विधायक का ज्ञापन दिया जाना हास्यास्पद है। उक्त वक्तव्य भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने दी है।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी के मांग को सस्ती लोकप्रियता का हिस्सा बताते कहा कि बस्तर के आदिवासियों का तेंदूपत्ता आय के मुख्य स्रोत में से एक है। जो इस समय संग्रहण किया जा रहा है और भाजपा की सरकार ने आदिवासी हित में 5500 रुपया मानक दर किया है, इससे संग्राहकों में हर्ष है। अब आदिवासियों से सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी लगे हुए हैं। जबकि मंत्री केदार कश्यप ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान करने की बात पहले की कर चुके हैं। मुदलियार ने कहा कि भाजपा को आदिवासियों की चिंता है। भाजपा उनके हित में सदैव तत्पर रहती है। इसलिए ही संग्राहकों के साथ होने वाली समस्याओं का ध्यान रखते हुए वनमंत्री ने 20 दिन पूर्व इस बात को कह चुके हैं कि भुगतान नगद होगा। वहीं अब विधायक की मांग का कोई औचित्य नही है। साथ ही कांग्रेस के सरकार आने के बाद चरण पादुका, साड़ियां संग्राहकों का बन्द कर दिया गया था, उसे पुनः भाजपा सरकार में देने की योजना है। नगद भुगतान की मांग कर झूठी वाह-वाही और अपनी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए विधायक लगे हैं।

## मांग को लेकर कांग्रेसियों ने कलेक्टर को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# तेन्दूपत्ता संग्राहकों का हो नगद भुगतान: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



विधायक विक्रम मंडावी और जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिला बीजापुर में तेन्दूपत्ता सीजन-2024 का संग्रहण किया जा रहा है।

बीजापुर जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है तथा यहां निवासरत ग्रामीण तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य करते है एवं दूरस्थ अंचलों के संग्राहकों के जीविकोपार्जन का एक मात्र साधन भी है। ग्रामीण अंचलों में निवासरत लोगों के लिये तेन्दूपत्ता संग्रहण एक त्यौहार जैसा ही होता है। आगे कहा बीजापुर जिले के सभी संग्राहकों के पास बैंक खाता उपलब्ध नहीं है। जिले के ग्रामीण अन्य शासकीय योजनाओं के लिये बैंकों में शून्य की राशि में खाता खोल रखे है, किन्तु लेन-देन के अभाव में कई बैंक खाते बंद हो चुके है तथा जनधन योजना के तहत खोले गए कई खाते वर्तमान में बंद हो चुके है। ग्रामीणों के खाते बंद होने से खाते में राशि अंतरण (जमा) नहीं हो पाता है। जिससे ग्रामीण, बैंकों तथा विभागीय कार्यालयों में जाकर अनावश्यक परेशान होते है। बीजापुर जिला अतिसंवेदनशील एवं दूरस्थ क्षेत्र है। यहां पर अंदरूनी गांवों से बैंकों की दूरी बहुत ही ज्यादा है। वर्तमान में दूरस्थ अंचल होने के कारण परिवहन का साधन उपलब्ध नहीं होने से बैंकों से राशि आहरण करने आने में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने ज्ञापन में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक का नगद भुगतान संग्राहकों को तत्काल उपलब्ध हो जाने से उनको अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में आसानी होती है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक की राशि का भुगतान नगद हो, ताकि संग्राहकों को बैंक की अत्यधिक दूरी का सामना ना करना पड़े तथा बैंकों में अधिक भीड़ ना हो। बीजापुर जिले में तेन्दूपत्ता सीजन-2024 का तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान संग्राहकों को नगद दिये जाने की आवश्यक कार्यवाही करने की मांग जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान विधायक विक्रम मंडावी, लालू राठौर, शंकर कुडियम, नीना रावतिया उद्दे, आर. वेणुगोपाल राव, इम्तियाज खान, दशरथ कुंजाम, बोधी ताती, सोनू पोटाम, प्रवीण डोंगरे, पुरुषोत्तम खत्री, मनोज अवलम के अलावा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मदिरा विक्रय के लिए शुष्क दिवस घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत जिले के सीमावर्ती राज्य उड़ीसा के जिले कोरापुट एवं नवरंगपुर के मतदान नियत तिथि 13 मई को बस्तर जिले के विदेशी मदिरा दुकान नगरनार एवं एफएल 7 सैनिक कैंटिन कमाण्डेट 201 बटालियन सीआरपीएफ करनपुर, कमाण्डेट 204 बटालियन सीआरपीएफ करनपुर तथा कमाण्डेट 206 बटालियन सीआरपीएफ करनपुर को मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घंटे पूर्व की अवधि अर्थात 11 मई को शाम 5 बजे से 13 मई को शाम 5 बजे तक एवं मतगणना तिथि 4 जून को संपूर्ण दिवस बंद रखें जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त अवधि में बस्तर जिले के विदेशी मदिरा दुकान नगरनार एवं एफएल 7 सैनिक कैंटिन कमाण्डेट 201 बटालियन सीआरपीएफ करनपुर, कमाण्डेट 204 बटालियन सीआरपीएफ करनपुर तथा कमाण्डेट 206 बटालियन सीआरपीएफ करनपुर में विक्रय परोसना, परिवहन एवं धारण करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।




**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. /92/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोती कश्यप पिता स्व. रघुनाथ कश्यप जाति भतरा ग्राम संघकरमरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. रघुनाथ S/O सतमन निवासी संघकरमरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. रघुनाथ ग्राम संघकरमरी का दिनांक 19/05/2016 को मृत्यु हुई है। आवेदक मोती कश्यप पिता स्व. रघुनाथ कश्यप जाति भतरा ग्राम संघकरमरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 13/05/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 28/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### ट्रक मालिक से वसूला जुर्माना



**दंतेवाड़ा।** बचेली नगर पालिका क्षेत्र में विगत दिवस 2 मई को गाडर पुल नवनिर्मित ऑक्सीजन पार्क के पास डिवाइडर में लगे 2 विद्युत पोल को वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 3695 द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया था। इस संबंध में नगर पालिका अधिनियम 1961 में निहित धाराओं के तहत वाहन मालिक गुणवीत सिंह से 35763 रुपए जुर्माना वसूला गया।

### रेडक्रॉस डे पर हुआ मेडिकल चेकअप



**जगदलपुर।** बस्तर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा यूपीएससी गीदम रोड जगदलपुर में आज रेडक्रॉस डे पर स्वास्थ्य सघन जांच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों का जांच डाक्टर श्रेयांस जैन, डाक्टर रोहित कश्यप, डाक्टर अंजिल पलक,डाक्टर रेखा चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद नारसिंह राव, डीके पराशर, अजयपाल सिंह, डाक्टर देवकांत चतुर्वेदी, रोहित बैस, अलेक्जेंडर चेरियन, यूपीएससी स्टाफ मनीष खाखा, जयंत देशमुख, हेमो बघेल, यशोदा जोशी ,मेघा ठाकुर, चेतन बघेल एवं अन्य उपस्थित थे।

# जनभावना को ध्यान में रखते हुए वन-वे प्रयोग बंद होना चाहिए

## एसबीआई रोड में जाम लगने की प्रमुख वजह शराब दुकान है : पब्लिक वॉइस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला प्रशासन द्वारा वनवे करने का निर्णय को लगभग अब एक सप्ताह होने को आ गया है। इस निर्णय को प्रतिदिन जनाक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। आमजन सहित व्यापारी, मरीज, कर्मचारी और इमरजेंसी गाड़ियां भी प्रभावित हो रही हैं। बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने भी वनवे के निर्णय पर अपना समर्थन न होने की बयान जारी कर दिया है। जिसे देखते हुये अनुमान लगाया जा रहा है कि जल्द वनवे समाप्त किया जा सकता है।

शहर के मध्य स्थित शराब दुकान को अन्यंत्र स्थानांतरित करने व वनवे से हो रही समस्याओं से आमजनों को निजात दिलाने के लिये निरंतर संघर्षरत सामाजिक संगठन पब्लिक वॉइस ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि अब जब वनवे प्रयोग के परिणाम सामने आ ही गए है तो जनभावना को सर्वोपरि मानते हुये इसे तत्काल प्रशासन को रद्द कर देना चाहिए।



संगठन के रोहित सिंह आर्य ने कहा कि एसबीआई रोड़ में यातायात अव्यवस्थित होने की प्रमुख कारणों में से एक शराब दुकान है। शासन-प्रशासन को जनहित को ध्यान में रखते हुये जल्द शराब दुकान को स्थानांतरित करना चाहिए। आर्य ने आगे कहा कि वनवे करने के बाद से शराब दुकान की भीड़ पूरी तरह से अनियंत्रित हो गयी सड़क के ऊपर व दोनों ओर गाड़ियां बेधड़क पार्क किये जा रहे हैं। ट्रैफिक इतना ज्यादा अव्यवस्थित हो गयी है कि माताओं बहनों का आवागमन लगभग अवरुद्ध अवस्था में है। लोग अब इस रास्ते से खासकर रात में गुजरने में झिझकने लगे हैं। इन सब बातों को देखते हुये तत्काल वनवे को रद्द कर देना चाहिए और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये अन्य विकल्पों पर कार्य करना चाहिए।

## स्कूल बसों की जांच अभियान 15 मई से

# स्कूल बस 12 वर्ष से अधिक पुरानी न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आमतौर पर स्कूल के नाम पर रियायत हासिल कर लेने वाले स्कूल प्रबंधन इसकी आड़ में बच्चों की जान के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ कर रहे हैं। स्कूल तक बच्चों को लाने और ले जाने के लिए जिन बसों का उपयोग किया जाता है, उनकी जांच में कई तरह की कमियां पाई जाती हैं। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन की ओर से चला रही स्कूल बसों में परिवहन नियमों बेखौफ उल्लंघन कर रहे हैं। इसके चलते परिवहन विभाग के आरटीओ एवं उड़नदस्ता प्रभारी की टीम 15 मई से स्कूल बसों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान शुरू किया जाएगा। बताया कि स्कूल प्रबंधन को दिए गए नोटिस में बताया कि प्रत्येक स्कूल बस को छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 114 के उप-नियम (5) के अनुसार पीला रंग में रंगा जाएगा और वाहन के सामने एवं पीछे स्कूल बस अंकित किया जाएगा। स्कूल बस के बाह्य भाग में दोनों ओर 9 इंच की पट्टी होगी, जिस पर स्कूल का नाम, पता एवं टेलीफोन-मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा। बसों के खिड़कियों में क्षितिज के समनांतर जाली की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक स्कूल बस में प्राथमिक उपचार पेटी एवं अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होगी। प्रत्येक स्कूल बस में प्राथमिक उपचार विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित परिचालक होगा, जो बच्चों को उतारने एवं चढ़ाने में सहायता करेगा। प्रत्येक स्कूल बस में वैद्य बीमा प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं कर जमा होने का प्रमाण पत्र कोई भी स्कूल बस 12 वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होगी।



### खिलवाड़ न कर सकें

उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि स्कूल तक बच्चों को लाने और ले जाने के लिए जिन बसों का उपयोग किया जाता है, ऐसे बसों के जांच की जाएगी। इससे स्कूल प्रबंधन बच्चों के साथ खिलवाड़ न कर सकें।

### स्कूल बसें होंगी जब्त

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि बिना परमिट एवं फिटनेस वाली स्कूल बसें जांच के दौरान जब्त की जाएगी। सभी मार्गों में आरटीओ एवं उड़नदस्ता प्रभारी की टीम स्कूल बसों की जांच होगी।

## बस्तर भाजपा नेता अब ओडिशा में करेंगे प्रचार-प्रसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण के मतदान के बाद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता अन्य प्रदेशों में चुनाव के तैयारी के लिए भेजे जा रहे। बस्तर के भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुधीर पाण्डेय, भाजपा नेता मनीष पारख, मंडल महामंत्री प्रवीण सांखला, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष रोहित खत्री, नगर अध्यक्ष श्रीश मिश्रा बस्तर, कांकेर और कोरबा लोकसभा में प्रचार प्रसार के बाद अब ओड़िशा के कोरापुट लोकसभा क्षेत्र में प्रचार करेंगे।

बस्तर भाजपा नेता कोरापुट लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कलिराम माझी एवं कोरापुट विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रघुराम माचा के लिए प्रचार प्रसार करेंगे। बस्तर भाजपा नेताओं की अलग-अलग टीम बनाकर ओड़िशा भेजा जा रहा हैं। सभी भाजपा नेताओं का एक ही लक्ष्य है, भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर 400 पार के साथ तीसरी बार मोदी सरकार बनाना। बस्तर भाजपा नेताओ को कोरापुट क्षेत्र में प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी दी गई हैं।

# बूथ प्रबंधन को लेकर बैठक में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा प्रचार के दौरान नवरंगपुर जिले के बढ़बोरंडी मण्डल की बैठक बुधवार को हुई। जिसमें 40 बूथ के प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए थे। बस्तर जिलाध्यक्ष रूप सिंह मंडावी एवं बढ़बोरंडी मंडल प्रभारी मनीराम कश्यप की उपस्थिति मे जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,पंचायत प्रमुख, बूथ प्रभारी, बूथ कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मलित हुए। बैठक में बूथ प्रबंधन को लेकर योजना बनाई गई। पार्टी की कार्य पद्धति और केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओ से आम जन को जोड़ते हुए पार्टी की रीति नीति को अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करने का संकल्प लिया।

- भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने जुटे कार्यकर्ता
- बस्तर के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ओडिशा में बहा रहे पसीना



ओडिशा के उमरकोट मे डोर टू डोर संपर्क करके भाजपा के पक्ष में प्रचार करते हुए बस्तर के नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत ओडिशा में अबकी बार भाजपा की सरकार बने इस संकल्प लेकर बस्तर के नेताओं ने प्रचार करके लोगो से ज्यादा से ज्यादा जनसम्पर्क में जुटे है। इस दौरान विधायक प्रत्याशी नित्यानंद गोंड, पिंटू कुमार, वेद प्रकाश पांडे, संग्राम सिंह राणा, धनुर्जय कश्यप, मोहन जोशी, जोगेंद्र चंद्राकर, नारायण बिसाई, पुरुषोत्तम जोशी, रोहित त्रिवेदी, सत्य प्रकाश गुप्ता, सुनील सेठिया, रणवीर सिंह वैश्य, भोलानाथ नाग, नरेंद्र सेठिया, कमलू माझी, बसंती माझी, प्रसन्न कुमार मोहंती, कृपासिंधु पाइक सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बूथ जीते चुनाव में मिलेगी जीत

रूपसिंह मंडावी ने कहा बूथ जीते चुनाव जीते इस संकल्प को लेकर हमें काम करना है। देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुभद्रा योजना के अंतर्गत महिलाओं को 50 हजार की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस बार ओडिशा में कमल खिलने वाला है।

### जनता भाजपा के पक्ष में

मनीराम कश्यप ने कहा इस बार जनता भाजपा के पक्ष में है। लोकसभा एवं विधानसभा मे बीजेपी की सरकार बनने वाली है।बीजेडी की सरकार पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार मे लिप्त है। बीजेडी के नेता खुद का विकास किया है। भाजपा की सरकार बनने से ओडिशा में विकास की गंगा बहेगी।

## पीडब्ल्यूडी के ईएनसी ने अधिकारियों की ली बैठक...



**जगदलपुर।** पीडब्ल्यूडी के ईएनसी कमलेश पिपरी ने अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर बुधवार को जगदलपुर पहुंचे, उन्होंने मुख्य अभियंता कार्यालय के समाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इसमें विभाग के एलडब्ल्यूई के कार्यों की समीक्षा ली। बैठक में मुख्य अभियंता जीआर रावटे, अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम, संजय सूर्यवंशी सहित बस्तर संभाग के सभी जिलों के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ एवं ठेकेदार शामिल रहे।

## सर्व ब्राम्हण समाज की मातृ शक्तियां कर रही सघन जनसम्पर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा अलग -अलग समाजों एव मंदिरों में जाकर जनसंपर्क के अंतर्गत मंगलवार को शांतिनगर स्थित स्थानीय श्री दुर्गा मंदिर में श्री राम कथा वाचक पंडित मुरलीधर पांडे की कथा में सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस दौरान कथा श्रवण किया, तत्पश्चात वहां उपस्थित मात्रृशक्तियों को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में 10 मई को शोभायात्रा व बाइक रैली में सम्मलित होने का आह्वान किया। सर्व ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने बताया कि भगवान परशुराम प्रकटोत्सव दिवस को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए निरंतर जनसंपर्क जारी है।

इस दौरान समाज की संरक्षिका अंजली मिश्रा, सरिता जोशी, दुर्गा अवस्थी, डा. मीनाक्षी तिवारी, संतोष शर्मा, संजना शर्मा, स्मृता दुबे, प्रज्ञा आचार्य,अंजू पांडे, दीप्ति तिवारी,रश्मि द्विवेदी, प्रज्ञा आचार्य, सविता वाजपेई, अनुप्रिता बाजपेई, बबली शुक्ला, खुश्बू अवस्थी, उर्मिला मिश्रा,तथा हमारी नन्हीं सी परी हिमांशी द्विवेदी भी गिलहरी की भांति अपना योगदान देने में लगी

## भाजपा अध्यक्ष ने कोरापुट में किया चुनावी जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ओड़िशा के चार दिवसीय चुनावी दौरे के पहले दिन 8 मई को कोरापुट पहुंचे। यहां उन्होंने कोरापुट लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कलिराम मांझी पक्ष में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से भाजपा ओडिशा में विधानसभा तथा लोकसभा में अभूतपूर्व प्रदर्शन करेगी। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश मोदीजी को तीसरी बार पीएम बनाने को लेकर उत्साहित है। तीन चरणों के मतदान के बाद यह स्पष्ट हो चुका है मतदाताओं के मन में मोदीजी बसते हैं। उन्होंने कहा कि मोदीजी के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से देश विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। ओडिशा प्रवास के दौरान उन्होंने बुधवार को बालुंकेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष 11 मई तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगे। कोरापुट के बाद वह रायगड़ा, गुनपुर, जैपुर, कोटपाड़ में बैठकें और स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

# आप सभी कर्म योगी समाज से आते हैं निरंतर श्रम करते हैं : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

- सर्व नाई सेन समाज ने संत सेन महाराज की जयंती मनाई



कार्यक्रम में विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का पुष्पमाला के साथ समाज के सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने सेन समाज को भरोसा दिलाया की वह सर्व नाई सेन समाज के साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि आप सभी कर्म योगी समाज से आते हैं, निरंतर श्रम करते हैं, और कठिनाई और बाधा को पार कर जीविकोपार्जन करते हैं। उन्होंने सेन समाज को संत शिरोमणि सेन जयंती पर बधाई दी।

समाज के जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर ने अपने उद्बोधन में संत शिरोमणि सेन जी महाराज के जीवन, उनकी भक्ति से सभी को अवगत कराया। जिसमें समाज के प्रमुख सदस्यों का नाम लेते मनोज ने प्रदेश कोषाध्यक्ष किशन सेन, प्रदेश के सदस्य मुन्नू सेन, हमारे संरक्षक राजू राव भास्कर राव, सियाराम ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास, सह सचिव गौरी शंकर श्रीवास, लोचन सेन समाज के प्रमुख सलाहकार राधे श्याम ठाकुर, कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास, बबलू श्रीवास, छन्नू भारद्वाज अपना राव, वसंत राव समेत समाज के लोग शामिल थे।

# अंचल में मौसम हुआ खुशगवार, पारा 34 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंचल का मौसम खुशगवार है,हालांकि तापमान में हल्की वृद्धि हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने बुलेटिन से प्राप्त जानकारी पर वायुमण्डल में बने सिस्टम से बारिश की संभावना जताई है। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बुधवार को पारा में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है।

- वायुमण्डल में बना ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवात

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक आज शहर में अधिकतम तापमान 34.2 और न्यूनतम 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम जहाँ सामन्य से 3 और न्यूनतम 2 डिग्री नीचे हुआ है।जबकि मंगलवार शाम साढ़े 5 बजे से बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे तक रेनफाल 38.8 एमएम दर्ज किया गया। शहर में आज सुबह आद्रता 67 और शाम को 48 प्रतिशत आंका गया है। देर शाम को थोड़ी राहत देने वाली हल्की ठंडी हवा चलने से दिनभर की गर्मी से हलाकान लोगों को राहत मिली।

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पूर्व राजस्थान के ऊपर स्थित है। साथ ही एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व राजस्थान से पूर्वी असम तक स्थित है,तथा दूसरा द्रोणिका उत्तर-पूर्व राजस्थान से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक स्थित है।

### कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना

मौसम विज्ञानी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में बने सिस्टम की वजह से प्रदेश मे कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। वही प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, किंतु मामूली वृद्धि संभावित है।




